मैया तेरी मेरी कहानी

मैया तेरी मेरी ये कहानी,है सदियों पुरानी
तेरी चौखट मेरा ठिकाना,तेरा मेरा रिश्ता पुराना
तूने की है मुझपे जो मेहरबानी,सारी दुनिया ने जानी

मेरे लिए था जो भी असम्भव,तूने किया है उसको सम्भव
मुश्किल हालातों में भी आसानी,है हुई मैया रानी

इस बेटे ने जब भी पुकारा,तूने माँ बन के पुचकारा
तूने टाली मेरी परेशानी,माफ़ की हर नादानी

तूने समझा जबसे लायक,निखर गया है ये नालायक
तेरे मोहित का दाना पानी,तू चलाए महारानी

लेखक :- Mohit Sai (अयोध्या) 9044466616

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12844/title/maiya-teri-meri-kahani-hai-sadiyo-puraani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |